# निवेशकों की मदद के लिए एआइ का इस्तेमाल

राब्यू, जागरण● लखनऊ : इन्वेस्ट यूपी अब निवेशकों की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का इस्तेमाल करेगा। इसके लिए निवेश मित्र-3.0 पोर्टल को और अपडेट किया जाएगा। पिकअप भवन में सोमवार को डाटा और एआइ के इस्तेमाल को लेकर कार्यशाला में इन्वेस्ट यूपी की रणनीतिक टीम के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में 'थुरो' नाम के एआइ से चलने वाले आंतरिक एआइ टूल पर चर्चा की गई। कार्यशाला में इन्वेस्ट यूपी की रणनीतिक टीम के अलावा, निवेश प्रोत्साहन और उद्यमी मित्र टीम के सदस्यों भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि एआइ की मदद से कैसे निवेशकों की निवेश यात्रा को सुगम और सरल बनाया जा सकता है। सत्र में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।